Regarding need to reduce the size of Blocks for efficient administration in Uttarakhand

श्री अजय भट्ट **(नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) :** मैं आपका ध्यान उत्तराखंड की भौगोलिक और विषम पर्वतीय परिस्थितियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । राज्य में अनेक विकास खंडों की दूरी अत्यधिक लंबी है, जिसके कारण आम नागरिकों को विकास खंड मुख्यालयों तक पहुँचने में कठिनाइयां होती हैं तथा वे समय पर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते । इन परिस्थितियों को देखते हुए उत्तराखंड में विकास खंडों का आकार छोटा किए जाने तथा उनकी संख्या बढ़ाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है । हम सभी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के आभारी हैं, जिनके नेतृत्व में उत्तराखंड को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया गया । विकास खंडो का निर्माण केंद्र सरकार के अधीन है । अतः मै उत्तराखंड राज्य के द्रुत गति से विकास के लिए विकास खंडो को और छोटा किए जाने एवं उनकी संख्या बढ़ाने की मांग करता हूं, ताकि विकास कार्य धरातल पर और तेजी से तथा प्रभावी रूप से पहुंच सके ।